हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर 2025

12 झोरड़नाली के नजदीक घग्गर का अंदरूनी तटबंध में दरार आने से फसल डूबी



12 समाज में सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करता रक्तदान



### भूना में जलनिकासी में लग सकता है एक सप्ताह का समय, रिश्तेदारों के घर पलायन कर रहे लोग

# घग्गर में जलस्तर बढ़ने से ओवरफ्लो का खतरा, तटवर्ती गांवों में बसे लोग स्वयं तटबंध मजबूत करने में जुटे



टोहाना। घग्गर किनारे रिंग बांधों की मजबूती के काम में जुटे मजदूर।



फतेहाबाद। जिले से गुजर ही घग्गर नदी।

## बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में घग्गर नदी का जलस्तर लगातार बढने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। नदी ओवरफ्लो होने का डर बना हुआ है। घग्गर नदी के किनारे बसे गांवों के लोग लगातार तटबंधों को खुद ही मजबूत करने में लगे हुए हैं। वहीं, कुलां क्षेत्र में बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए हैं। उधर, भूना से लोग भारी मात्रा में अपने रिश्तेदारों के घर पलायन कर रहे हैं। शुक्रवार को भी घग्गर के जलस्तर में वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। गुहला चीका में 50134, खनौरी में 13875 तथा चांदपुरा में 15 हजार क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। चांदपुरा साइफन पर घग्गर नदी में 22 हजार क्यूसेक पानी की क्षमता है। गुहला में 50 हजार क्यूसिक बहाव होना खतरे की घंटी है।

### अब रिश्तेदारों के घर पलायन कर रहे लोग

भूना में जलभराव हुए 5 दिन हो गए हैं। इन दिनों में पहले गरीब तबके के लोग जो फड़ी-रेहड़ी लगाकर गुजारा करते थे, यहां से पलायन कर राहत शिविरों व शैड के नीचे जा पहुंचे। अब मध्यम वर्गीय व बड़े तबके के लोग भी यहां से पलायन करना शुरू कर चुके हैं। लोगों का मानना है कि यहां प्रशासन की मिसमैनेजमेंट के चलते पानी सप्ताहभर से पहले नहीं निकल सकता।

### सीटीएम ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

फतेहाबाद। सीटीएम गौरव गुप्ता ने शुक्रवार को इंदाछुई और धारसूल सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर बारिश के कारण हुए जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर रिंग बांधों की मजबूती और सुरक्षा प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पानी का दबाव अधिक है, वहां अतिरिक्त श्रमिक लगाकर रिंग बांधों को और मजबूत किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति का समय रहते समाधान हो सके।

### जिलाधीश ने लगाई धारा 163, माइनर, नहर जोहड़ व ड्रेन पर एकत्रित होने पर प्रतिबंध

- माइनर, नहर, जोहड़ व ड्रेन पर बिना पूर्व अनुमति पांच से अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होना निषेध रहेगा

*फतेहाबाद। जिलाधीश मनदीप कौर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में आगामी आदेशों तक कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने कहा कि इस दौरान किसी माइनर, नहर, जोहड़ व ड्रेन पर बिना पूर्व अनुमति पांच से अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होना निषेध रहेगा। किसी भी व्यक्ति को हथियार, लाठी-डंडा, तेजधार हथियार, विस्फोटक पदार्थ या ज्वलनशील वस्तु साथ रखने की अनुमति नहीं होगी, केवल ड्यूटी पर तैनात पुलिस व सुरक्षा बलों को छोड़कर। किसी भी प्रकार प्रकार के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, सार्वजनिक सभा का आयोजन बिना प्रशासनिक अनुमति के वर्जित होगा। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में सभी प्रकार के भारी वाहन जैसे कि जेसीबी मशीनें, ट्रैक्टर-ट्राली आदि का आवागमन वर्जित होगा, सरकारी वाहन अथवा जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत वाहनों को छोड़कर। तटबद्ध की सुरक्षा के मद्देनजर नहर व तटबद्ध से लगभग 50 मीटर की दूरी तक आमजन दूर रहेंगे, बिना प्रशासन की अनुमति के नहर व तटबद्ध पर कोई गतिविधियां नहीं करेंगे ताकि अनावश्यक गतिविधियों से नहर व तटबद्धों को कोई नुकसान ना पहुंचे। प्रशासनिक कार्यवाही में बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत दंड का भागीदार होगा।*

### रिंग बांधों को मजबूत करने में जुटे ग्रामीण

*टोहाना। भारी बरसात और घग्गर नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रंगोई और घग्गर नदी पर बनाए गए रिंग बांधों को मजबूत करने का कार्य तेजी से जारी है। जाखल, कासमपुर, तलवाड़ा, कुदनी, साधनवास, चूहड़पुर, म्योंद खुर्द, दीवाना, शकरपुरा, रत्ताथेह, करंडी, पूर्णमाजरा, धारसूल और हिम्मतपुरा सहित आसपास के कई गांवों में रिंग बांध मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। एसडीएम आकाश शर्मा स्वयं इन गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां पानी का दबाव अधिक है, वहां अतिरिक्त मजदूर तैनात किए जाएं। ग्रामीण भी पूरा सहयोग प्रशासन को दें रहे है।*

*प्रशासन का दावा शनिवार दोपहर तक हालात होंगे सामान्य*

## 8 वें दिन राहतः शहर के कई इलाकों से जलभराव खत्म



भूना। ढाणी सांचला-भोजराज रोड पर अब भी तीन फुट पानी में डूबा हुआ न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल।



भूना। शहीद उधम सिंह चौक पर लगाया गया ट्रैक्टर वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

शहर में बीते सात दिनों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में इंजीनियरिंग विंग की कड़ी मेहनत के बाद शहीद उधम सिंह चौक से लेकर पुराना बाजार और गुरुद्वारा साहिब तक, साथ ही शहीद भगत सिंह पार्क और नेहरू पार्क इलाके से पूरी तरह पानी निकाल दिया गया है। वहीं सिरसा-चंडीगढ़ रोड पर पहले जहां दो फुट तक पानी जमा था, अब वहां शहीद चंद्रशेखर पार्क तक सिर्फ आधा फुट पानी बचा है।

### अभी कई इलाके जलमग्न

हिसार रोड स्थित अग्रसेन चौक से लेकर बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज तक के हिस्से में अब भी तीन फुट से ज्यादा पानी खड़ा है। मॉडल टाउन, चंदन नगर, वार्ड नंबर 11, धमीजा कॉलोनी, श्याम विहार, मातूराम कॉलोनी और ढाणी सांचला-भोजराज रोड जैसे क्षेत्रों में भी जलस्तर नाममात्र ही कम हुआ है।



भूना। ढाणी सांचला-भोजराज रोड पर जलभराव में फंसा हुआ मोटरसाइकिल चालक।

### मोटरों निकाला जा रहा पानी

जलभराव के नोडल अधिकारी व डीएमसी संजय बिश्नोई ने बताया कि शनिवार दोपहर तक हालात पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे। शहर में पांच हैवी इलेक्ट्रिक मोटर पंपसेट, 20 से ज्यादा ट्रैक्टर वर्मा पंप, दो इंजन पंप, 20 हजार फुट फ्लेक्सी पाइप, प्लास्टिक हार्ड पाइप और मेटल पाइप की मदद से जल निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

### जनप्रतिनिधी मैदान में डटे

नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि, वाइस चेयरमैन और कई पार्षद जलभराव से निपटने के लिए लगातार मैदान में डटे हुए हैं। कई जनप्रतिनिधि रात्रि को भी जागकर अपने दायित्व निभा रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि शनिवार तक शहर से पानी पूरी तरह निकल जाएगा और लोग सामान्य जीवन में लौट सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दहेज आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ऐलनाबाद प्रबंधक प्रगट सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी मानक चंद पुत्र शालु राम वासी डब्बली बास जिला हनुमानगढ़ को गिरफ्तार किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

सिरसा। आगामी 13 सितंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है।

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 7 सितंबर से

सिरसा। दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय अनाजमंडी में 7 से 13 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आशुतोष महाराज की शिष्या कालिंदी भारती कथा का रसपान करवाएंगी। कथा को लेकर 6 सितंबर को अनाज मंडी कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जोकि कथास्थल से जनता भवन रोड, सिरसा क्लब से होते हुए लालबत्ती चौक और यहां से बाजारों का भ्रमण करते हुए कथास्थल पर आकर समाप्त होगी।

## बरसात से जर्जर हुए मकान की छत गिरी

**छत गिरने से युवक की मौत; पत्नी और बेटा-बेटी घायल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले के कुलां क्षेत्र में इस साल रिकार्ड बारिश हो रही है। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश यहां एक परिवार पर कहर बनकर गिरी। यहां गांव मंघेड़ा में गुरुवार देर रात को सोए परिवार पर मकान छत गिर गई। इससे परिवार के मुखिया की मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव मंघेड़ा निवासी 40 वर्षीय पवन कुमार अपने परिवार के साथ घर के अंदर कमरे में सो रहे थे। कमरे की छत मिट्टी के साथ बनाई हुई थी। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की छत कमजोर होने लगी।

कमजोर छत गुरुवार रात करीब 11 बजे अचानक से भरभरा कर गिर गई। इससे पूरा परिवार मलबे के नीचे दब गया। देर रात अचानक लोगों को धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाका सुनते ही पड़ोसी बाहर निकले तो पवन के घर से धूल जैसा धुआं दिखाई दिया। जिसके बाद लोग दौडक़र वहां पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद परिवार के लोगों की चीख पुकार सुनी।

लोगों ने तुरंत घर के पिछले कमरे में पहुंचे। जहां देखा कि कमरे की छत गिरी हुई थी। इसके बाद लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। मलबे के नीचे दबे चारों लोगों को बाहर निकाला।



फतेहाबाद। मंघेड़ा में मकान की गिरी छत व मृतक पवन। *फोटोः हरिभूमि*

### ग्रामीण बोले

*ग्रामीणों ने बताया कि पवन कुमार व उसकी पत्नी छिंद्र कौर एक निजी उद्योग में मजदूरी कर अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहे थे। उन्होंने करीब 10 साल पहले ही अपना मकान बनाया था। पवन की बड़ी बेटी रिया 16 साल की है। जोकि 11वीं कक्षा की छात्रा है। वहीं, उसका बेटा देवेंद्र 14 साल का है। जोकि 8वीं कक्षा में पढ़ता है। दोनों ही गांव के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ते हैं।*

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने लिया प्रभावित इलाकों का जायजा

- फसल बर्बादी से प्रभावित किसान जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाएं अपना ब्यौरा : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने अपनी टीम व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फतेहाबाद जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीप में सवार होकर जलभराव वाले स्थानों का जायजा लिया तथा स्थिति को समझा।

जोड़ा ने बाढ़ प्रभावित एक एक प्वाईंट का निरीक्षण किया। तलवाड़ा पुल, कासिमपुर पुल, चांदपुरा साइफन, शक्करपुरा, रंगोई, चन्दड कलां, लहरियां, टिब्बी, कुलां-भूना रोड, भुना शहर सहित अन्य स्थानों पर जाकर उन्होंने स्थिति का जायजा लिया तथा प्रबंधकों से जानकारी हासिल की। प्रवीण जोड़ा ने जिन क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए पम्प उपलब्ध नहीं थे, वहां अधिकारियों को फोन पर निर्देश देकर पम्पों का प्रबंध करवाया।

जहां प्रबंधकों की कमी थी, वहां प्रबंधक व राहत बचाव टीम की व्यवस्था की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में किसानों मुलाकात की तथा उन्हे सरकार व प्रशासन की सटीक तैयारियों काम की जानकारी दी। जिलेभर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का जायजा लेने के उपरांत जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने उपायुक्त मनदीप कौर से विशेष मुलाकात की। श्री जोड़ा ने डीसी को किसानों व आमजन की समस्याओं से अवगत करवाया तथा प्रभावित इलाकों में जल्द से जल्द मदद और राहत पहुंचाने की अपील की।





फतेहाबाद। बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व डीसी से मुलाकात करते जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

### जल्द ही स्थिति होगी सामान्य

प्रवीण जोड़ा ने बताया कि सरकार और प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ हालातों से निपटने में जुटी हुई है। जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। उन्होंने किसानों से आहवान किया कि जिन भी किसानों की फसल बर्बाद हुई है। वह 15 सितम्बर से पहले क्षति पूर्ति पोर्टल पर अपना ब्यौरा दर्ज करवा दें, ताकि सरकार की ओर से उन्हें मुआवजा मिल सके। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में सरकार व प्रशासन आम जनता के साथ खड़ी है। पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ता प्रभावित लोगों तक मदद पहुंचाने में जुटे हुए हैं।

### सीवरेज सफाई के लिए मेन हाल में कर्मचारियों को नहीं भेजा जाएगा



फतेहाबाद। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता बलविंदर नैन ने बताया कि सरकार के आदेशों की अनुपालन में सीवरेज की सफाई के लिए कहीं भी मेन हाल में किसी भी कर्मचारी को नहीं भेजा जाता है और भविष्य में भी कभी नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग ने पूरे जिले में सीवरेज की सफाई मशीनों व अन्य उपकरणों के माध्यम से करवाई जाएगी। इस प्रकार से फतेहाबाद जिला मैनुअल स्क्वेजिंग मुक्त जिला बन गया है। यह सब कर्मचारियों के मान सम्मान और सुरक्षा के लिए बहुत अच्छा प्रयास है। बलविंदर नैन ने जिलावासियों से भी अपील की है कि कोई भी शहरवासी सीवरेज में कोई भी ऐसे ठोस वस्तु न डाले, जिससे सीवरेज में बाधा आए।

### विवि ने शिक्षा में नई संभावनाओं के द्वार खोले व भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ा

## सीडीयलयू और शोभा देवी रामानंद बंसल फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू

**भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र की स्थापना से शिक्षा को मिलेगा नया आयामः कुलपति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा और शोभा देवी रामानंद बंसल फाउंडेशन सिरसा के बीच हुए एक ऐतिहासिक सांझा करार पत्र (एमओयू के तहत विश्वविद्यालय में शोभा देवी रामानंद बंसल भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र की स्थापना की जाएगी। शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष समारोह ने शिक्षा जगत में नई संभावनाओं के द्वार खोले और भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. अशोक शर्मा ने हस्ताक्षर किए, जबकि फाउंडेशन की ओर से जानी-मानी शिक्षाविद एवं फाउंडेशन अध्यक्ष कुमुद बंसल ने दस्तखत किए। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह एमओयू भारत की समृद्ध ज्ञान परंपराओं को पुनर्जीवित करने और उन्हें उच्च शिक्षा की मुख्यधारा में एकीकृत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से विद्यार्थियों को परंपरागत भारतीय मूल्यों से परिचित कराने के साथ-साथ वैज्ञानिक और विश्लेषणात्मक सोच का भी विकास होगा, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और सक्षम बनेंगे।



भिवानी। सीडीएलयू और शोभा देवी रामानंद बंसल फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू दिखाते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

### फाउंडेशन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाना है

फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमुद बंसल ने कहा कि यह केंद्र शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण दोनों क्षेत्रों में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसे स्वर्गीय रामानंद बंसल की स्मृति को समर्पित करते हुए कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और शिक्षा को एक साथ आगे बढ़ाना है। उनके अनुसार यह पहल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होगी, क्योंकि उन्हें परंपरागत जड़ों के साथ आधुनिक शिक्षा का अनुभव भी प्राप्त होगा। समझौते के तहत फाउंडेशन ने 21 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की सहमति दी है, जिसमें से 11 लाख रुपये का चेक दिया गया। इस धनराशि का उपयोग केंद्र की स्थापना, संसाधन संवर्द्धन, शोध कार्यों, शैक्षणिक गतिविधियों और भारतीय ज्ञान प्रणाली से संबंधित कार्यक्रमों में किया जाएगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 और यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगी। केंद्र का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और प्राचीन ज्ञान को आधुनिक शोध और समकालीन शिक्षा प्रणाली के साथ जोडना है। यहाँ पर भारतीय दर्शन, साहित्य, कला, संस्कृति और वैज्ञानिक विरासत जैसे विषयों पर बहुविषयक अध्ययन और शोध को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही, छात्रों और शोधार्थियों के लिए डिजिटल पुस्तकालय और अध्ययन सामग्री तैयार की जाएगी।

### बरसीन में 13 दिन से लापता बुजुर्ग का शव खेतों में मिला

फतेहाबाद। बरसीन गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब 13 दिन से लापता चल रहे बुजुर्ग का शव गांव के ही खेतों में संदिग्ध हालात में मिला। मृतक की पहचान गांव बरसीन निवासी लक्ष्मण दास (58) पुत्र देशराज के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मण दास करीब दो सप्ताह पहले रहस्यमयी ढंग से लापता हो गए थे, जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही पुलिस को दी गई थी। शुक्रवार को गांव के कुछ लोगों ने खेतों में एक शव पड़ा देखा और तुरंत इसकी सूचना चेयरमैन प्रतिनिधि कालू बरसीन को दी। कालू ने पुलिस को मौके पर बुलाया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल फतेहाबाद भिजवा दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।




## बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style

# अनन्या

## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत




अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



## 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




## दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' इस सीरीज का अंतिम भाग है।



## मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



## किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

## टीवी मसाला



## बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

## कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण



रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

## कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

### मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

## द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स' शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



### नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

## 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं। क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



### रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

### जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

### ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

### पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिज़ी रखती थीं।

### राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं। उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

### सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

## खबर संक्षेप


फतेहाबाद। शिक्षक दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या।

### बाबा दीप सिंह महाविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**फतेहाबाद।** शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय, अहरवां में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

### चोरीशुदा सामान सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव भंगू में एक मकान में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए चोरीशुदा सामान सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जसकरण सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव भंगू निवासी पालो देवी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात व्यक्ति उसके घर से एक मोटरसाइकिल, एक गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया है।

### प्रॉपर्टी ऑफिस से दो लाख की नकदी चोरी

**सिरसा।** शहर के हिसार रोड स्थित दिल्ली पुल के निकट अज्ञात व्यक्ति एक प्रोपर्टी ऑफिस का ताला तोडक़र करीब दो लाख 10 हजार रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गया है। दुकान मालिक ने बताया कि उसका हिसार रोड स्थित दिल्ली पुल के निकट ऑफिस है।

### बिश्नोई सभा के स्थापना दिवस पर यज्ञ कल से

**सिरसा।** बिश्नोई सभा सिरसा के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री गुरू जम्भेश्वर मंदिर परिसर में साप्ताहिक जाम्भाणी हरिकथा ज्ञान-यज्ञ 7 सितम्बर से 13 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। सभा के प्रचार सचिव डा. मनीराम सहारण ने बताया कि जाम्भाणी हरिकथा व प्रवचन प्रति दिन 7 से 12 सितम्बर तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होंगे। परम श्रद्धेय संत संदीप बिश्नोई, जाम्भाणी प्रचारक कथा वाचक होंगे, उनके साथ अन्य गायणाचार्य व संगीत मंडली रहेगी।

# रूपावास स्कूल भवन जर्जर, भय के माहौल में पढ़ रहे आठ सौ बच्चे

■ स्कूल में जर्जर हालत में 9 कमरे, एक कमरे की बारिश से छत गिरी, खुले आसमान और शैड के नीचे बैठकर पढ़ना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

क्षेत्र के गांव रूपावास के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री स्कूल का दर्जा मिला हुआ है। स्कूल में कमरों की कमी के कारण छात्रों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्कूल में 30 कमरें थे। इनमें से 7 कंडम हो चुके हैं। स्कूल में 1 कमरे में प्रधानाध्यापक कक्ष व रसोई घर का संचालन किया जा रहा है। इसी के साथ एक कमरें में लैब बनी हुई है। 9 कमरों की हालत खस्ता हो चुकी है। जर्जर कमरों की छत भी गिर रही है।


सिरसा। गांव रूपावास का जर्जर हो चुका स्कूल का कमरा। फोटो : हरिभूमि

**डिमांड भी भेजी गई है :** स्कूल में छठी से बारहवीं कक्षा तक करीबन 800 छात्रों की संख्या है। इस हिसाब से इनके 24 सेशन बन रहे हैं। छात्रों के हिसाब से कक्षा रूम नहीं होने पर खुले आसमान व शेड के नीचे कक्षाएं लगानी पड़ रही है। स्कूल प्रशासन व स्कूल प्रबंधन कमेटी की तरफ से शिक्षा विभाग को डिमांड भी कक्षा रूम बनाने के लिए भेजी गई है। मगर अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

**बरसात के दिनों में परेशानी :** बरसात के समय सभी कक्षाओं का संचालन कमरे में होता है। इसके चलते दो कक्षाओं के बच्चे एक साथ बैठाए जाते हैं। जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। बारिश के दिनों में बहुत समस्या आती है।

**स्कूल का बेहतर परीक्षा परिणाम :** पिछले सालों में स्कूल का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर आ रहा है। स्कूल में छात्रों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। जिसको लेकर स्कूल में सीसीटीवी कमरें लगाए हुए हैं।

### कई गांवों के छात्र करने आते हैं पढ़ाई

रूपावास के गांव स्कूल में गांव अलाव आसपास गांवों के छात्र पढ़ाई करते आते हैं। स्कूल में गांव निर्बाण, रायपुर, बरासरी, जोड़कियां, लुदेसर के ग्रामीण पढ़ाई करने के लिए आते हैं। गांव के पूर्व सरपंच रामस्वरूप ओलख, एसएमसी के प्रधान रमेश ठोलिया, राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार ने बताया कि स्कूल में कमरों की कमी है। इससे छात्रों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### कमरों की कमी

विद्यालय के प्रिंसिपल कमलजीत सिंह ने बताया कि स्कूल में छात्रों की संख्या 800 है, जबकि कमरों की कमी है। स्कूल में कमरों की कमी को लेकर शिक्षा विभाग के पास डिमांड भेजी गई है। कमरों की कमी होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### आंदोलन करेंगे

गांव के पूर्व सरपंच रामस्वरूप ने कहा कि स्कूल में ग्रामीणों द्वारा बहुत ही ध्यान दिया जा रहा है। जिससे बच्चों को कोई परेशानी न हो। स्कूल में कमरों की कमी से छात्रों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अगर जल्द ही कमरों की कमी दूर नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# शिक्षक वह दीपक हैं, जो स्वयं जलकर भी दूसरों के जीवन को प्रकाशमय बनाते है : रितु सिंधु

*जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस*

*शिक्षक ही होते हैं समाज के असली निर्माता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल में गुरुवंदन कार्यक्रम बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय का वातावरण कृतज्ञता एवं आभार से ओत-प्रोत था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या, प्रबंधक कमेटी एवं कोऑर्डिनेटर द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। अश्मित, काव्या, कंगना एवं उश्मीत के मंच संचालन में हरयश, राधिका, विहान एवं एंजल ने अपने सुविचारों के माध्यम से बताया कि शिक्षा का मतलब केवल जानकारी का संग्रह नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर ढंग से जीने की कला है। रिया एवं रुद्राक्ष ने प्रभावशाली भाषण द्वारा शिक्षकों की भूमिका को उजागर किया। अंशरीत, उत्कर्ष एवं श्रुति 'शब्दों का देते सही उजाला, भाषा बन जाए मीठा प्याला, रोज सुबह इनसे हैं मिलते' कविताओं का सस्वर वाचन कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। कक्षा चार व नवमी के विद्यार्थियों ने 'शुक्रिया- शुक्रिया आज जो भी हैं हम आपकी बदौलत एवं तू जो मिला तो हम गए काबिल' गीत पर नृत्य एवं अभिनय के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्री प्राइमरी विंग के शिक्षकों द्वारा नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि हमारे जीवन में हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में शिक्षक होता है। माता-पिता, दादा-दादी, विद्यालय के सहयोगी कर्मचारी, मित्र और यहाँ तक कि वाहन चालक भी हमें बहुत कुछ सिखाते हैं। बच्चों ने रंग भरने की गतिविधियों में भाग लेते हुए अपने शिक्षकों को कार्ड एवं शुभकामनाएँ दीं।शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय समिति की ओर से भव्य लंच एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जो सभी के लिए आनंद एवं सौहार्द का विशेष प्रतीक बना।


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में शिक्षक दिवस पर प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों के योगदान की सराहना

**फतेहाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह जिला एडीआर केंद्र में आयोजित किया गया। सीजेएम गायत्री ने शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण दिवस की बधाई दी और उनके द्वारा समाज को बेहतर बनाने में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के असली निर्माता होते हैं। शिक्षक इंसान के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं व बच्चों में अनुशासन, संस्कार, मेहनत और सही सोच का बीज बोते हैं। इस दौरान जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश कुमार ने शिक्षा विभाग के अलावा सभी प्रकार के जो कार्य अध्यापकों द्वारा किए जाते हैं उनके लिए उन्हें अपने शब्दों से अभिप्रेरित किया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोहताश ने जिला लीगल लिटरेसी कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तर से राज्य स्तर तक कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में जिले की उपलब्धियों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जसवंत सिंह ने शिक्षकों से संबंधित कविता के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। पैनल अधिवक्ता कमलेश वशिष्ठ ने शिक्षक दिवस पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के तहत बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले लगभग 50 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर तरुण गेरा, जिला समन्वयक लीगल लिटरेसी विनोद कुमार, श्रवण कुमार, पुनीता रानी, गुरलाल सिंह, नीतू डुडेजा, विनोद कुमार, नीतिन छाबड़ा, जसवंत, ऋचा, ललिता बजाज आदि मौजूद रहे।


फतेहाबाद। जिला एडीआर सेंटर में शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित सीजेएम गायत्री व अन्य।

### शिक्षक समाज के मार्गदर्शकः डीसी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलावासियों को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, जो बच्चों के स्वर्णिम को संवारते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपायुक्त ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, विद्वान और देश के पूर्व राष्ट्रपति रहे हैं। उनका जीवन शिक्षा और संस्कारों को समर्पित रहा है। इस अवसर पर हमें शिक्षा के महत्व को समझते हुए शिक्षकों के योगदान का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होता, बल्कि बच्चों को जीवन के संस्कार, नैतिक मूल्यों और समाज में बेहतर नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन देता है। शिक्षक ही बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करता है। उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवीन प्रयोग करें ताकि विद्यार्थी समय की चुनौतियों के अनुरूप तैयार हो सकें।


फतेहाबाद। उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षक दिवस पर स्वास्थ्य जागरुकता शिविर लगाया



फतेहाबाद। शिक्षक दिवस पर सरकारी स्कूल बरसीन में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में पहुंची डॉक्टरों की टीम। फोटो : हरिभूमि

**फतेहाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसीन में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लाजवंती गौरी और डॉक्टर सविता सोंखी पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुनीता ने की। सर्वप्रथम बच्चों ने अध्यापक दिवस के बारे में कविता, भाषण और गीत के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किया। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है इन विचारों के साथ प्राचार्य सुनीता ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और मुख्य अतिथि डॉक्टर गौरी और डॉक्टर सोंखी का स्वागत किया।

### लायंस क्लब सिरसा ने टीचर्स डे पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा की ओर से टीचर्स डे के उपलक्ष्य में श्री राम न्यू सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के प्रधान कृष्ण गुंबर ने क्लब की ओर से स्कूल के शिक्षकों को समाज में उनके द्वारा दिए जा रहे अमूल्य सहयोग के लिए सम्मानित किया। कृष्ण गुंबर ने कहा कि हमारे पहले गुरु हमारे माता-पिता हैं, क्योंकि वह हमें जीवन भर का ज्ञान देते हैं। दूसरा गुरु हमारे शिक्षक हैं और हमें सदैव इनका ऋणी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे हमें केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देते हैं। हमें सही और गलत का अंतर सिखाते हैं। हमें लगातार प्रेरित करते हैं। हमारे सपनों को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। उनका समर्पण और मेहनत ही हमारे भविष्य की नींव है। गुरुजनों के समर्पण भाव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर एक अच्छा इन्सान बनने की प्रेरणा दी। स्कूल की डायरेक्टर शशि सचदेवा ने क्लब के प्रयासों की प्रशंसा की। इस मौके पर आशा गुंबर, प्रदीप मेहता, न्यूतन मेहता, नकुल मोहंता, विवेक बांसल, नीता बांसल, पुनीत मित्तल, नीरू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



सिरसा। शिक्षकों को सम्मानित करते क्लब के सदस्य।

### राजकीय कॉलेज में पांच दिवसीय इंटर कॉलेज कार्यशाला लगाई


फतेहाबाद। राजकीय कॉलेज में कार्यशाला के समापन पर पौधरोपण करते अतिथिगण।

**फतेहाबाद।** राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद द्वारा रीसाइकलिंग, ऊर्जा एवं संरक्षण तथा शून्य अपशिष्ट सतत भविष्य विषय पर आयोजित पांच दिवसीय इंटर कॉलेज कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। इस कार्यशाला ने विद्यार्थियों को न केवल पर्यावरणीय मुद्दों की गंभीरता से अवगत कराया, बल्कि उनके भीतर नवाचार, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी जाग्रत किया। कार्यशाला के अंतिम दिन कृषि विकास अधिकारी राहुल चौहान ने छात्रों को बताया कि कैसे आधुनिक खेती में कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग फलों और सब्जियों को हानिकारक बना रहा है। उन्होंने इनके सुरक्षित विकल्प भी साझा किए, जिससे छात्रों को अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली।

### भविष्य की राजनीति को सकारात्मक बदलाव लाने की जरूरत : सुमन



फतेहाबाद। जेएनवी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़।

**फतेहाबाद।** राजनीति केवल नेताओं का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। भविष्य की राजनीति को सकारात्मक बदलाव लाने की जरूरत है। बेटों के साथ साथ बेटियां भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा सके, इसके लिए हम ने एक नई मुहिम शुरू की है। फतेहाबाद जिले में बालिका पंचायत शुरू की, जिसमें 11 से 21 वर्ष तक की लड़कियां पंचायत चुनाव में हिस्सा ले रही हैं। यह पहल यह दिखाती है कि नेतृत्व उम्र का नहीं, सोच का विषय है। आज गांव की बेटी पंचायत में नेतृत्व कर रही है, कल वह जिला परिषद या संसद में भी नेतृत्व करेगी। यह बात जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़ ने पीएम श्री नवोदय विद्यालय में आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही।

### भागवत श्रवण से मिलती है पापों से मुक्तिः स्वामी दिनेशानंद शास्त्री


सिरसा। कथा के दौरान पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** अखिल भारतीय धर्मसभा के तत्वावधान में श्री मद्भागवत कथा का आयोजन शुक्रवार को अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में किया गया। श्री मद्भागवत कथा से पूर्व विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गई। मंगल क्लश यात्रा नेहरू पार्क से आंरभ हुई। शोभा यात्रा में 251 महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश धारण किए चल रही थी, उनके पीछे श्रद्धालु महिलाएं व पुरूष हाथ में धर्म पताका लिए हुए चल रहे थे। धर्म प्ेरमी लोग सुंदर भजनों का उच्चारण कर रहे थे। बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों, धार्मिक धुनों ने माहौल को भक्तिनुमा बना दिया। इस शोभा यात्रा के दौरान फूलों से सुसज्जित रथ पर कथा वाचक अखिल भारतीय धर्मसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद शास्त्री विराजमान थे। यह मंगल कलश यात्रा नेहरु पार्क से आरंभ होकर अनाज मंडी स्कूल, अनाज मंडी होते हुए श्री श्याम बगीची धाम में कथा स्थल पर पहुंची।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नशामुक्ति जागरुकता शिविर लगाया


सिरसा। नशामुक्ति जागरूकता शिविर में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** जिला बाल कल्याण परिषद् सिरसा के तत्वावधान में स्थानीय डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सिरसा में नशामुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें विशेषज्ञों राजीव कुमार, शमशेर सिंह, सतीश कुमार, सुनील कुमार तथा पायल ने बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा इससे बचने के व्यवहारिक उपाय भी बताए। वक्ताओं ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्तर पर कमजोर बना देती है।

### जीएसटी में बदलाव से किसानों को फायदा

**फतेहाबाद।** हाल ही में सम्पन्न हुई जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में जनता, किसानों और कारोबारियों को राहत देने वाले कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। किसानों के लिए विशेष राहत के तहत ट्रैक्टर और उसके पुर्जों पर जीएसटी दर घटाई गई है।



इससे किसानों की लागत घटेगी और आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाना आसान होगा। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के जिला सचिव लायक राम गढ़वाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने देशभर के किसानों और आम उपभोक्ताओं के लिए राहत भरा फैसला लिया है।

**प्रेरणा** एक तंदूर पर भूनना, उबालना, पकाना, ग्रिलिंग व बेकिंग की मिलेगी सुविधा

# छात्र हार्दित शर्मा का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

■ मॉडल पारंपरिक भारतीय तंदूरी खाना पकाने को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने के विचार पर आधारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के एक छात्र का मॉडल राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत 28 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया था, जिसमें समस्त हरियाणा से आठ विद्यार्थियों के आईडिया राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए हैं।


सिरसा। मॉडल दिखाता छात्र हार्दित शर्मा।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार ने बताया कि सिरसा जिले से एनएम कान्वेंट पब्लिक स्कूल अलीकां के विद्यार्थी हार्दित शर्मा के मॉडल बहुउद्देशीय तंदूर एक स्मार्ट और कुशल खाना पकाने का समाधान का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि यह मॉडल पारंपरिक भारतीय तंदूरी खाना पकाने को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने के विचार पर आधारित है। यह दर्शाता है कि कैसे एक ही उपकरण ऊर्जा और जगह बचाते हुए ग्रिलिंग, बेकिंग, रोस्टिंग और टोस्टिंग जैसे कई खाना पकाने के कार्य कर सकता है।

### मॉडल ऊष्मा स्थानांतरण के सिद्धांत पर करता है काम

इस मॉडल में हार्दित शर्मा ने बताया है कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में खाना पकाने को अधिक कुशल, पर्यावरण के अनुकूल और सुविधाजनक बनाने में हमारी मदद कर सकता है। यह मॉडल ऊष्मा स्थानांतरण के सिद्धांत पर काम करता है, मुख्यतः चालन, संवहन और विकिरण। तंदूर लकड़ी या चारकोल का उपयोग करके उच्च ताप उत्पन्न करता है, जिससे भोजन सभी तरफ से समान रूप से पकता है। मॉडल का बाहरी भाग मोटी इन्सुलेटेड शीट से बना है, जो इसकी गर्मी को बरकरार रखता है और बेलनाकार आकार इसकी गर्मी को समान रूप से वितरित करने में मदद करता है। यहां एक फायरबॉक्स है, जहां हम लकड़ी,, कोयला आदि डाल सकते हैं और नीचे राख इक_ा करने के लिए राखदान है। हमने इसके ऊपरी ढक्कन पर चिकनी मिट्टी की एक परत लगाई है। इससे हम चपाती को चिपका सकते हैं और पकने तक ढक्कन बंद कर सकते हैं। इससे हाथ जलने से भी बचेंगे।


सिरसा। मंदिर परिसर में निर्माण कार्य पूरा होने पर हवन यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण।

### मंदिर में निर्माण पूरा होने पर हवन किया

**सिरसा।** युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला द्वारा हरियाणा विस चुनावों के दौरान गांव रिसालियाखेड़ा के ग्रामीणों से गांव में भोमिया दादा के मंदिर में कमरा, पानी की डिग्गी और सबमर्सिबल का निर्माण करवाने के वायदे को शुक्रवार को निभा दिया गया। इनके निर्माण होने पर शुक्रवार को गांव रिसालियाखेड़ा में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला मुख्य रूप से शामिल हुई। उन्होंने इस अवसर पर निर्माण किए गए मंदिर के कमरे व सबमर्सिबल का उद्घाटन करने के बाद हवन में वेदोमंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां डाली और सर्वमंगल की कामना की। बाद में वे भंडारे में भी शामिल हुई। इस मौके मौजूद ग्रामीणों ने उनका व युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला ने इस मौके पर ग्रामीणों से कहा कि डबवाली हलका उनका परिवार है और यहां के सुख दुख भी उनके अपने हैं।

## खबर संक्षेप

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना की दी जानकारी

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो।

### भारत कौशल प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण 30 तक

**फतेहाबाद।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत कौशल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन आगामी अक्टूबर माह में करवाया जाना है, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान या अन्य किसी भी तकनीकी संस्थान के छात्र जिनकी न्यूनतम आयु 16 वर्ष या जिसका जन्म 1 जनवरी, 2004 के बाद का हो, भाग ले सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इसी कड़ी में जिला स्तर, राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी 30 सितंबर, 2025 तक वेबसाइट आवेदन कर सकते है।

### अवैध पिस्तौल के मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अवैध पिस्तौल के मामले में एक नाबालिग को काबू किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इसी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। सहायक उपनिरीक्षक सुखबिंद्र सिंह को सूचना मिली कि अशोक नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस दौरान एक संदिग्ध युवक हिमांशु के कब्जे से एक अवैध 315 बोर पिस्तौल बरामद की गई।

### एनडीसी के लिए ऑनलाइन आवेदन

**सिरसा।** सिरसा नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित अप्रूव्ड कॉलोनियों में एनडीसी प्राप्त करने की प्रक्रिया बेहद आसान और ऑनलाइन है। आम नागरिक एनडीसी पोर्टल के माध्यम से घर बैठे न केवल एनडीसी प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि वैध कॉलोनी से स्थित प्रॉपर्टी संबंधित जानकारी जैसे अप्रूव्ड-अनअप्रूव्ड कॉलोनी, प्रॉपर्टी क्षेत्रफल, प्रॉपर्टी फोटो, प्रॉपर्टी आईडी, मालिक का नाम, कालोनी मैप और बाउंड्री आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा का दिया प्रशिक्षण

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा यातायात थाना सिरसा में पुलिस विभाग के ट्रैफिक, सिटी, सिविल, सदर राइडर तथा आपातकालीन रिस्पोंस व्हीकल (ईआरवी) के पुलिस कर्मचारियों को बेसिक प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि संस्था के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने शुक्रवार को पुलिस कर्मियों को दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को उपचार मिलने से पहले प्राथमिक चिकित्सा के टिप्स दिए।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू

**सिरसा।** जिलाधीश शांतनु शर्मा ने पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न यूजी/पीजी कोर्सों में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस परीक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रदत्तः शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का आयोजन 7 सितंबर (रविवार) को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक धारा 163 लागू रहेगी।

---

### प्रशासन जलस्तर व तटबंधों की निगरानी बढ़ाई, कर्मचारी तैनात

# झोरड़नाली के नजदीक घग्गर के तटबंध में दरार आने से किसानों की फसल जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

क्षेत्र से गुजर रही घग्गर नदी के बढ़ते जलस्तर ने जिलावासियों की धडक़नें बढ़ा दी हैं। पिछले चार दिनों से हर रोज घग्गर में पानी की बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार को झोरडऩाली के नजदीक घग्गर के अंदरूनी तटबंध में दरार आने से कई एकड़ फसल डूब गई। केलनियां को आने वाले रास्ते पर भी पानी भर गया और आवागमन बंद हो गया। बढ़ रहे पानी के स्तर को देखते हुए प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीण भी तटबंधों को मजबूत करने में लगे हुए हैं। जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें 24 घंटे घग्गर नदी के तटबंधों की निगरानी और मजबूती में जुटी हैं। एहतियात के तौर पर तटबंधों को लगातार और मजबूत किया जा रहा है। ट्रैक्टर, जेसीबी, पोकलेन आदि की सहायता से तटबंधों पर मिट्टी डलवाई जा रही है। इसके अलावा मनरेगा के माध्यम से मिट्टी के कट्टों की भरवाई की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार दिन और रात तटबंधों का निरीक्षण कर हर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और जहां किसी संसाधन की आवश्यकता है, उसकी भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण भी जिला प्रशासन का पूरा सहयोग कर रहे हैं। फिलहाल जिला में घग्गर नदी के मुख्य तटबंध सुरक्षित हैं। नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने तटबंधों की सुरक्षा का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को तटबंधों की मजबूती और सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बिजली व्यवस्था और अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली गई और समय पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



सिरसा। मोटरसाइकिल पर घग्घर के तटबंधों का जायजा लेते अधिकारी।

#### ड्रेन की भी निगरानी की जा रही

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर दो बजे तक घग्गर नदी के सरदूलगढ़ प्वाइंट पर 43,940 क्यूसिक और ओटू वियर डाउन स्ट्रीम में 21,500 क्यूसिक पानी चल रहा है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा घग्गर नदी के अलावा, सभी खरीफ चैनलों और ड्रेन की भी पूरी निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन के अधिकारी चौबीस घंटे मुस्तैदी के साथ घग्गर के तटबंधों की सुरक्षा में जुटे हैं। ग्रामीणों का भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग मिल रहा है।



सिरसा। अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीसी। फोटो: हरिभूमि

### बरसाती पानी का संचयन जरूरी रिचार्ज बोरवेल रहे दुरुस्तः एडीसी

- रिचार्ज बोरवेल पानी संचयन के साथ जल निकासी के लिए भी महत्वपूर्ण

*सिरसा। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने जल संचयन संबंधी उपायों को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला में सरकारी संस्थानों के अंतर्गत आने वाले रिचार्ज बोरवेल की स्थिति पर चर्चा की गई और सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विभाग सुनिश्चित करेंगे कि उनके अंतर्गत आने वाले सभी रिचार्ज बोरवेल चालु हालत में हों और इन्हें दुरूस्त रखे जाने के लिए प्रॉपर निगरानी की जाए। एडीसी ने कहा कि वाटर रिचार्ज बोरवेल न केवल जलभराव की समस्या को रोकते हैं, बल्कि यह भूजल स्तर को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। बरसात के समय अधिक मात्रा में एकत्रित होने वाला पानी यदि नालियों और खुले स्थानों में बहने की बजाए रिचार्ज बोरवेल में जाए तो यह सभी दृष्टिकोण से बेहतर होगा, इसलिए रिचार्ज बोरवेल के महत्व को समझते हुए इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जाए। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थापित सभी रिचार्ज बोरवेल को लगातार दुरुस्त रखा जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। बरसात के पानी का सद्घुपयोग प्राथमिकता होना चाहिए।*



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में अहमदाबाद से पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

# वर्क वीजा के नाम पर 20 लाख ठगे, अहमदाबाद से आरोपी काबू

- 1200 किमी का सफर तय कर पकड़ा गया आरोपी वरुण चक्रवर्ती, एक लाख रुपये नकद व मोबाइल फोन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद साइबर थाना पुलिस को साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने गुजरात के अहमदाबाद से वर्क वीजा फ्रॉड मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकडऩे के लिए पुलिस टीम ने लगभग 1200 किलोमीटर की दूरी तय की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वरुण चक्रवर्ती पुत्र अमरीक चक्रवर्ती निवासी अहमदाबाद, गुजरात के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक लाख रुपये नकद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी को अहमदाबाद की अदालत में पेश कर राहदारी रिमांड पर फतेहाबाद लाया जा रहा है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। थाना साइबर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि मॉडल टाउन, फतेहाबाद निवासी भवजीत सिंह ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार वर्ष 2023 में आरोपी वरुण चक्रवर्ती ने वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर ठगी की।

#### ऐसे की ठगी

आरोपी ने पहले ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से लगभग दो लाख रुपये वसूले। इसके उपरांत, अपने साथी अमरेंद्र पुरी के माध्यम से फतेहाबाद में 18 लाख रुपये नकद भी प्राप्त किए। इस प्रकार कुल 20 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया। आरोपी ने पीड़ित को फर्जी वर्क परमिट दिखाकर गुमराह किया और किस्तों में पैसे लौटाने का झांसा देकर संपर्क बनाए रखा। कुछ समय बाद आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया और अपने सभी वादों से मुकर गया। इस संबंध में थाना साइबर फतेहाबाद में 18 सितम्बर 2024 को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गुजरात में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

---

# सोशल मीडिया पर फर्जी वीजा विज्ञापनों से रहें दूर : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वर्तमान समय में विदेश जाकर पढ़ाई करना, रोजगार पाना या घूमना कई लोगों का सपना होता है। विशेष रूप से हरियाणा जैसे समृद्ध राज्य के युवाओं में विदेश यात्रा की लालसा बहुत प्रबल है, लेकिन इसी आकांक्षा का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व फर्जी ट्रैवल एजेंटों की आड़ में भोले-भाले नागरिकों को अपने झाँसे में लेकर आर्थिक और सामाजिक शोषण कर रहे हैं। इन्हीं बढ़ते मामलों को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा एक विशेष एडवाइजरी जारी कर लोगों को सतर्क व जागरूक रहने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि कई फर्जी ट्रैवल एजेंट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट्स पर आकर्षक विज्ञापन देकर लोगों को सस्ते और शीघ्र वीज़ा दिलाने का वादा करते हैं।



एसपी सिद्धांत जैन।

# धान घोटाले में एक और आरोपी गिरफ्तार, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

करोड़ों रुपये के धान घोटाले के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान इंद्र सिंह पुत्र हरमेल सिंह निवासी घासवा के रूप में हुई है। इस मामले में अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि जिले के रतिया और धारसूल कलां की मार्केट कमेटियों के कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों ने आढ़तियों के साथ मिलीभगत कर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों की भूमि का फर्जी पंजीकरण किया। इसके बाद अन्य राज्यों से धान खरीदकर उसे प्रदेश में बेचा गया।

#### ये था मामला

जांच में यह भी सामने आया है कि खरीफ 2020 सीजन में कई किसानों की वास्तविक भूमि पर धान की बजाय अन्य फसलें बोई गई थीं, किंतु आरोपियों ने रिकॉर्ड में धान दर्ज करवाया। इसके बाद सरकारी एजेंसियों—खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन और मार्केट कमेटी—के सहयोग से फर्जी भुगतान उठाए गए।

# बाढ़ में फंसे लोगों तक पहुंचे संत

- स्वयं बाटी राहत सामग्री, दिया हिम्मत और सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जब चारों तरफ पानी ही पानी है और परिवार बेबस हैं, ऐसे कठिन समय में डेरा जगमालवाली के संत बिरेंद्र सिंह बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे हैं। पिछले पांच दिनों से संत लगातार सलीम शाह, मुहार सोना, मनसा और आसपास के प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे हैं। वे सिर्फ राहत सामग्री ही नहीं पहुंचा रहे, बल्कि खुद पानी में उतरकर ग्रामीणों से मिल रहे हैं, उनका दुःख बांट रहे हैं और हर संभव मदद का भरोसा दे रहे हैं। संत ने प्रभावित परिवारों को तिरपाल, मच्छरदानी और खाद्य सामग्री वितरित की। ग्रामीणों ने जब अपने मन की व्यथा सुनाई तो संत ने उन्हें ढांढस बंधाया।



सिरसा। पंजाब में बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलते संत बिरेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

#### डेरा जगमालवाली कर रहा मदद

संत लाधुका मंडी में अस्थायी रूप से ठहरे परिवारों से मिले। संत ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि हिम्मत न हारें, क्योंकि डेरा जगमालवाली हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने संगत को आध्यात्मिक संदेश दिया कि इस दुःख की घड़ी में उस सतगुरु को याद करना न भूलें, वही सच्चा सहारा है।

---

### नागरिक अस्पताल की पार्किंग में पुराने ईंटों लगने पर उठे सवाल

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में चल रहे करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अस्पताल में बन रही नई पार्किंग में दीवारों की चिनाई में पुराने और घिसे-पिटे ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और टिकाऊपन को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल में करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस राशि में पार्किंग, इमारतों की मरम्मत, नई सुविधाओं का निर्माण आदि शामिल हैं, लेकिन पार्किंग क्षेत्र में दीवारों पर उपयोग की जा रही ईंटें साफ तौर पर पुरानी नजर आ रही हैं, जिससे यह संदेह पैदा हो रहा है कि कहीं निर्माण कार्य में अनियमितता या लापरवाही तो नहीं हो रही।

# मोडिफाई साइलेंसरों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद।

फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत शहरभर में मॉडिफाइड बुलेट साइलेंसरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 13 अवैध साइलेंसर जब्त कर मौके पर ही बुलडोजऱ से नष्ट किए गए। यह कार्रवाई ट्रैफिक प्रभारी उप निरीक्षक जयसिंह के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि इन तेज आवाज़ वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों से न केवल ध्वनि प्रदूषण होता है, बल्कि आमजन को मानसिक तनाव, भय व असुविधा का सामना करना पड़ता है। इससे हादसे होने का भी खतरा बढ़ता है।



फतेहाबाद। मोडिफाई साइलेंसरों को नष्ट करवाते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी।

#### नियमों को तोड़ने वाले नपेंगे

*एसपी सिद्धांत जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि वाहनों में ऐसे अवैध संशोधन कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यदि कोई वाहन चालक भविष्य में इस तरह का साइलेंसर या अन्य अवैध उपकरण लगाकर पकड़ा गया तो उसके खिलाफ भारी जुर्माना, वाहन की जब्ती और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और बिना आवश्यकता वाहनों में किसी प्रकार का तकनीकी या ध्वनि संबंधित संशोधन न करें।*

# जीएसटी में बदलाव से मध्यम वर्ग की मिली बड़ी राहत : दर्शन नागपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद।

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक के बाद जीएसटी दरों में बड़े स्तर पर बदलाव का नगरपरिषद फतेहाबाद के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दर्शन नागपाल ने स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। उनका कहना है कि इन बदलावों के बाद आम आदमी की जरूरत की वस्तुओं के दामों में कमी देखने को मिलेगी तथा आने वाले त्यौहारी सीजन नवरात्र व दीपावली के मौकों पर बाजारों में अच्छी रौनक देखने को मिलेगी। दर्शन नागपाल ने इस कदम को 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से आम जरूरत की चीजों के साथ बड़ी इलेक्ट्रॉनिक प्रोडेक्ट की कीमतें कम होगी। इससे भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी। घरेलू खपत की वस्तुओं की बिक्री बढ़ेगी, मध्यम वर्ग को अधिक खर्च करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किताबों, दवाइयों, कृषि यंत्रों पर जीएसटी कम कर दिया है, जिसका लाभ आम व्यक्ति को सीधे रूप से मिलेगा। जहां 28 प्रतिशत टैक्स लग रहा था, वो अब 18 प्रतिशत लगेगा तथा जिन उत्पादों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता था, उन पर अब 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इससे एसी, टीवी, वॉशिंग मशीन व अन्य उत्पाद सस्ते होंगे।

### शादी में कहासुनी पर की थी मारपीट, तीन और आरोपी किए काबू

**फतेहाबाद।** मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित पुत्र शिवराज उर्फ राजा, विजय कुमार पुत्र जगसीर और रवि कुमार पुत्र फकीर दास निवासी अकांवाली के रूप में हुई है। इस मामले में पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक शादी राम ने बताया कि पीड़ित संदीप पुत्र मनोहर लाल निवासी बोस्ती ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 1 सितंबर की रात वह गांव गुल्लरवाला में स्थित अपनी मौसी के घर एक शादी समारोह में गया था, जहां कुछ युवकों के साथ कहासुनी के बाद उन आरोपियों ने उस पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया।

---

# बुजुर्ग महिला से मारपीट के आरोप में तीन काबू

**फतेहाबाद।** एक बुजुर्ग महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में भूना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र राज कुमार, राहुल पुत्र रामफल तथा मांगे राम पुत्र राम प्रताप, निवासी सुखमनपुर के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पीड़िता कृष्णा 70 वर्ष पत्नी रामकर्ण, निवासी हसंगा ने दर्ज बयान में बताया कि 28 अगस्त की रात लगभग 8 बजे वह अपने आंगन में बैठी थी।

इसी दौरान उसका पोता हैप्पी घर में घुसा और उसके पीछे कुछ युवक भी अंदर आ गए। आरोप है कि युवकों ने आते ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़िता के हाथ-पैर टूट गए। इस हमले में पीड़िता की पोती आशा और रिश्तेदार अभिनव को भी चोटें आईं।

#### रंजिश में हमला

आरोप है कि पूनम के परिजनों ने रंजिश के चलते यह हमला किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भुना में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एमएएमसी, अग्रोहा रेफर कर दिया गया। मेडिकल रिपोर्ट में पीड़ितों को गंभीर चोटें लगने की पुष्टि हुई है। मामले की जांच के आधार पर थाना भुना में 30 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था।

**महादान** | एमएम कॉलेज फतेहाबाद में शिक्षक दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

# समाज में सहयोग व मानवता की भावना को मजबूत करता रक्तदान : डॉ. ज्याणी

कॉलेज के इतिहास विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना व अन्य ने किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शिक्षक दिवस के अवसर पर एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कॉलेज के इतिहास विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर और युवा रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर राजकीय महाविद्यालय भूना के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार ज्याणी ने भाग लिया। अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह, यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली, एनएसएस ब्वॉयज यूनिट इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी, गर्ल्ज यूनिट इंचार्ज प्रो. प्रतिभा मखीजा, एनसीसी ब्वॉयज इंचार्ज लै. विनोद कुमार व गर्ल्ज इंचार्ज कैप्टन रजनी वर्मा ने किया। मुख्यअतिथि डॉ. ज्याणी ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक व्यक्ति द्वारा दान किया गया रक्त न केवल जीवन बचाता है बल्कि समाज में सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करता है।




फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते प्राचार्य।

#### सेवा का महत्व बताया

इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में एक बैनर भी लगाया गया, जिस पर संदेश 'बी ए ब्लड हीरो, गिव ब्लड' अंकित था। प्रेरक संदेश ने उपस्थित जनसमूह को रक्तदान के महत्व का गहन बोध कराया। शिविर में भाग लेने वाले सभी लोगों ने इस आयोजन को एक प्रेरणादायी अनुभव बताया और संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करेंगे।